

**करियर में 36 टेस्ट मैच, 32 वनडे खेले**

आईपीएल में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले राहुल ने अब तक करियर में 36 टेस्ट मैच, 32 वनडे और 42 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं। उनके नाम टेस्ट में 5 शतक,11 अर्धशतकों की मदद से कुल 2006 रन हैं जबकि वनडे में उन्होंने 4 शतक और 7 अर्धशतकों की मदद से कुल 1239 रन बनाए। उन्होंने टी20 इंटरनैशनल में भी 2 शतक और 11 अर्धशतक लगाए और कुल 1461 रन बनाए हैं।

## लोकेश राहुल को बर्थडे पर हार्दिक पंड्या ने किया विश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज लोकेश आज यानी 18 अप्रैल को अपना 28वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनके दोस्त और साथी क्रिकेटर हार्दिक पंड्या ने भी उन्हें बर्थडे विश किया। दिसंबर 2014 में इंटरनैशनल डेब्यू करने वाले राहुल को अन्य कई लोगों ने सोशल मीडिया पर जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक ने राहुल के साथ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर किया। उन्होंने साथ ही कैप्शन में लिखा, श्हैपी बर्थडे ब्रदरमैन। हमेशा तुम्हारा समर्थन मुझे मिला। बीसीसीआई ने कुछ समय पहले राहुल और हार्दिक पंड्या को महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर सस्पेंड कर दिया था। दोनों क्रिकेटरों ने करण जोहर के टीवी शो में हिस्सा लिया था जहां महिलाओं के लिए विवादास्पद बात कह दी थी। इस कॉमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने अपनी राय रखी थी और विरोध जताया था।

# महिला हॉकी टीम गरीबों के लिए जमा करेगी फंड

## जनभागीदारी के जरिए राहत कोष जुटाने का किया फैसला

**फैसला**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने कोविड–19 महामारी के कारण घोषित लॉकडाउन में परेशानी का सामना कर रहे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों की आर्थिक मदद के लिए शुक्रवार को फिटनेस चुनौती शुरुआत की। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए देशभर में तीन मई तक राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन है।

महिला हॉकी खिलाड़ियों ने इस दौरान कम से कम 1000 परिवारों को खाना खिलाने के मकसद से जनभागीदारी के जरिए राहत कोष जुटाने का फैसला किया है। इस दौरान लोगों से सक्रिय जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हॉकी इंडिया से जारी बयान में भारतीय कप्तान रानी रामपाल ने कहा, 'हर दिन हम अखबारों और सोशल मीडिया में पढ़ रहे हैं कि बहुत सारे लोग भोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं,



हमने एक टीम के रूप में इन लोगों को मदद करने के लिए कुछ करने का फैसला किया है।'इसके लिए एक ऑनलाइन फिटनेस चुनौती सबसे अच्छा तरीका होगा। हमारा लक्ष्य कम से कम 1000 परिवारों के भोजन के लिए पर्याप्त धन जुटाना है।'

इस धनराशि को दिल्ली स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) उदय फाउंडेशन को दान किया जाएगा। इसका इस्तेमाल विभिन्न स्थानों पर रह रहे प्रवासी श्रमिकों और झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले बीमार लोगों के लिए बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान करने के लिए किया जाएगा। इसके तहत कोष का इस्तेमाल भोजन और सूखा राशन प्रदान करने के अलावा लोगों को साफ सफाई के लिए जरूरी सामान जैसे की सैनिटाइजर और साबुन भी दिया जाएगा।

इस चुनौती के तहत महिला टीम की खिलाड़ी सोशल मीडिया के जरिए कई फिटनेस (कसरत) चुनौती देते हुए दिखेंगी जिसमें बर्पी, लुंजेस, स्क्वैट्स टू स्पाइडर–मैन पुशअप्स और पोगो हॉप्स जैसे व्यायाम शामिल हैं। हर दिन खिलाड़ी एक नई चुनौती देगी और 10 लोगों को टैग कर के इसके लिए 100 रुपये दान करने की गुजारिश करेगी।

टीम की उपकप्तान सविता ने कहा, 'हर दिन हम एक मजेदार नई चुनौती देंगे जो किसी के द्वारा भी किया जा सकता है । जो भी इस चुनौती को स्वीकार करेगा वह 100 रुपये या अधिक धनराशि दान कर सकता है। हमें पूरी उम्मीद है कि लोग इस नेक काम के लिए हमारा समर्थन करेंगे।' उन्होंने कहा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम में हम सभी गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं और हमने ऐसे दिन देखे हैं जब हमें भोजन और अन्य बुनियादी चीजों के लिए संघर्ष करना पड़ा था। आज हम मदद करने की स्थिति में हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि गरीब लोगों को भोजन और सैनिटरी किट जैसी बुनियादी चीजें मिलें।'

# कितना ही बड़ा नाम हो, लेकिन क्रिकेट में वापसी आसान नहीं होतीः अजहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कोरोना वायरस के कारण स्थगित होने के बाद दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की मैदान पर वापसी में भी देरी हुई है। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि लंबे समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना आसान नहीं होता है।

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन ने कहा कि अभ्यास और कोई क्रिकेट मैच खेलना, दो अलग–अलग चीजें हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि भले ही कोई कितना बड़ा नाम हो, लेकिन लगातार मैच खेलना जरूरी है। अजहरुद्दीन ने एएनआई न्यूज एजेंसी से कहा, धोनी मुझसे बेहतर तरीके से समझा सकते हैं कि



वह क्या चाहते हैं और यह उनका व्यक्तिगत फैसला होगा। अभी देखिए, स्थिति अच्छी नहीं है और इसलिए आईपीएल नहीं हो पा रहा है। मुझे लगता है कि चीजों को हल करने में थोड़ा समय लगेगा लेकिन धोनी के लिए, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है।

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चयनकर्ता खिलाड़ी के प्रदर्शन को देखेंगे क्योंकि लंबे अंतराल के बाद खेलना इतना आसान नहीं है। मैच अभ्यास वास्तव में महत्वपूर्ण है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने बड़े खिलाड़ी हैं। आपको कुछ मैच खेलने होंगे। अभ्यास और मैच खेलना, दो अलग–अलग चीजें हैं। देश को अपनी कप्तानी में वनडे और टी20 वर्ल्ड कप दिला चुके ध ोनी हाल में आईपीएल के लिए प्रैक्टिस करते नजर आए थे।

ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप इसी साल अक्टूबर में होना है। माना जा रहा है कि धोनी इस टूर्नमेंट में खेलना चाहेंगे लेकिन आईपीएल के स्थगित होने के चलते मैदान पर उनकी वापसी भी फिलहाल तब तक के लिए टल गई है। पूर्व कप्तान धोनी ने पिछले साल वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में आखिरी इंटरनैशनल मैच खेलते नजर आए थे।

## कोहली का आईपीएल डेब्यू, 1 रन पर डिंडा ने कर दिया था बोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली के नाम आज क्रिकेट की दुनिया के कई रेकॉर्ड हैं लेकिन आईपीएल में उनका डेब्यू खास नहीं रहा था। आज ही के दिन यानी 18 अप्रैल 2008 को उन्होंने आईपीएल में डेब्यू किया और वह केवल 1 रन बनाकर बोल्ड हो गए। आईपीएल के इस पहले सीजन में विराट ने कुल 13 मैच खेले और 165 रन बनाए। आईपीएल करियर में 177 मैचों में कुल 5412 रन बना चुके विराट के लिए पहला मैच यादगार नहीं रहा। आज ही के दिन 12 साल पहले 2008 में आईपीएल का पहला मैच खेला गया था। यह बेंगलुरु की मेजबानी में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच था। विराट तीसरे नंबर पर आरसीबी के लिए खेलने उतरे और केवल 5 गेंद खेलकर बोल्ड हो गए। उन्हें 1 रन के निजी स्कोर पर अशोक डिंडा ने बोल्ड किया। इस मैच को ओपनर ब्रैंडन मैकलम के लिए भी याद किया जाता है क्योंकि उन्होंने इस उद्घाटन मैच में ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाए थे। मैकलम ने अपनी इस पारी में 13 छक्के और 10 चौके जड़े और आईपीएल के उद्घाटन मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## न्यूज डायरी



### डेविड वॉर्नर का बेटी संग शीला की जवानी गाने पर डांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोविड–19 के कारण भारत समेत कई देशों में लॉकडाउन घोषित है और खेल प्रतियोगिताएं नहीं होने के चलते दिग्गज हस्तियां अपने–अपने घरों पर समय बिता रही हैं। ऐसे में कोई क्रिकेटर आर्टिस्ट बना है तो कोई डांस वीडियो शेयर कर रहा है। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व उप–कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपनी बेटी के साथ अपना एक डांस वीडियो शेयर किया जिसमें वह बॉलीवुड गाने श्शीला की जवानीश पर डांस करते नजर आ रहे हैं। करियर में 84 टेस्ट, 123 वनडे और 79 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके ओपनर वॉर्नर ने एक नहीं बल्कि 2 वीडियो इस गाने पर शेयर किए। हालांकि दोनों में वह अपनी बेटी के साथ एक ही गाने शीला की जवानी पर डांस करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में उन्होंने कटरीना कैफ के स्टेप्स को कॉपी करने की भी कोशिश की है। वॉर्नर ने जो पहला वीडियो बनाया, उसे करीब 5 लाख बार देखा जा चुका है।

### सेरेना विलियम्स ने पूरा किया रोजर फेडरर का चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स ने अंततरू रोजर फेडरर के वॉली चैलेंज को कबूल लिया और अपने घर में इसे पूरा भी किया। सेरेना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें वे अपने घर में एक दीवार पर अपने रैकेट से गेंद को बिना गिराए मारती नजर आ रही हैं। सेरेना ने बताया कि उन्होंने यह चौलेंज उसी रैकेट से पूरा किया है, जो फेडरर ने होपमैन कप में उन्हें दिया था। उन्होंने लिखा, मैं इस चौलेंज को इतने अच्छे से इसलिए कर पा रही हूं क्योंकि मुझे यह रैकेट रोजर (फेडरर) ने कुछ साल पहले होपमैन कप में दिया था। दुनिया भर में कोविड–19 महामारी के खिलाफ लॉकडाउन होने पर रोजर फेडरर ने यह चौलेंज दुनिया की कई दिग्गज हस्तियों को दिया है। फेडरर ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली को यह चौलेंज दिया है हालांकि विराट का अभी जवाब देना बाकी है।

### बबीता से जुड़ा हैशटैग किया यूजर ने ट्वीट, ज्वाला गुट्टा को नहीं आया पसंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय रेसलर बबीता फोगाट के जमाती पर किए एक ट्वीट से कोहराम मच गया और खेल जगत की कुछ हस्तियां उनके सपॉर्ट में खड़ी नजर आईं तो वहीं कुछ ने विरोध जताया। इस पर महिला शटलर ज्वाला गुट्टा ने भी शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी। उन्होंने हालांकि बबीता का नाम नहीं लिया लेकिन जब एक यूजर ने उनके नाम वाला हैशटैग इस्तेमाल किया तो वह नाराज हो गईं। अर्जुन अवॉर्डी 36 साल की शटलर ज्वाला ने एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि वह हमेशा देश के लिए खेलीं और देशवासियों ने उनकी हर जीत का जश्न मनाया। वर्ल्ड चौंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट ज्वाला ने लिखा, श्इससे पहले कि ट्रोलर्स मुझ पर हमला करें, मैं यहां केवल एक भारतीय की तरह हूं क्योंकि जब मैंने मेडल जीते तो देश के लिए जीते और किसी ने यह नहीं देखा कि मैं किस मजहब को मानती हूं और किस जाति से ताल्लुक रखती हूं। मेरी जीत का जश्न हर भारतीय ने मनाया। प्लीज, हमारे देश को मत बांटिए, एक रहिए।

### पाक से भारत को मिले जख्म को आईसीसी ने दिलाया याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोई भी खेल हो, हर खिलाड़ी अपने देश के लिए कुछ यादगार करना चाहता है। फिर अगर क्रिकेट का मैदान हो और भारत–पाकिस्तान के बीच मुकाबला तो हर खिलाड़ी अपने नाम कोई रेकॉर्ड बनाना चाहता है। दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच ऐसा ही एक यादगार मुकाबला आज ही के दिन यानी 18 अप्रैल 1986 को खेला गया था। तब जावेद मियांदाद ने भारत को हार को वो जख्म दे दिया जो आज तक भी नहीं भर सका। शारजाह में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान ने भारत को अंतिम गेंद पर मात दी थी। पाकिस्तान केवल 1 विकेट से जीता था और हीरो बने थे जावेद मियांदाद। मुकाबले में 116 रन की नाबाद पारी खेलने वाले मियांदाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया था।